(xx) संघ शासित क्षेत्र में कार्यान्वयन एजेन्सियों को केन्द्रीय योजना निधियों का प्रत्यक्ष हस्तांतरण (संघ शासित क्षेत्र बजट के अलावा प्राप्त निधियाँ):

भारत सरकार के निर्णयानुसार, केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) हेतु सभी सहायता को समेकित निधि के माध्यम से संघ शासित क्षेत्र सरकार को हस्तांतरित किया जाना अपेक्षित है न कि सीधे ही कार्यान्वयन एजेन्सियों को। तथापि, महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) पोर्टल के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों ने संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के विभिन्न विभागों को सीधे ही ₹ 917.68 करोड़ की राशि निर्गत की थी। खण्ड-II के **परिशिष्ट-VI** में इसका विवरण है।

उपर्युक्त के अलावा,विभिन्न स्वायत्त निकायों, केन्द्र सरकार के संगठनों, सोसाइटियों इत्यादि ने सीधे ही केन्द्र सरकार से ₹ 1,843.51 करोड़ प्राप्त किये।

3. आकस्मिकता निधि:

जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 69 की उप धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संघ शासित क्षेत्र सरकार ने संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार की आकस्मिकता निधि से धनराशि के आहरण और उसमें धनराशि के भुगतान की अभिरक्षा के अनुषंगी तथा संबद्ध सभी मामलों के विनियमन हेतु जम्मू एवं कश्मीर की आकस्मिकता निधि नियमावली, 2020 (अधिसूचना सं. एस.ओ-271 दिनांक 27 अगस्त 2020) का निर्माण किया। वर्ष 2020-21 के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार की आकस्मिकता निधि में संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर की समेकित निधि से हस्तांतरित ₹ 25.00 करोड़ का कॉर्पस है। 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) तक तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य की आकस्मिकता निधि में ₹ एक करोड़ का शेष था जिसे दो आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है।

4. लोक लेखाः

(i) राष्ट्रीय पेन्शन प्रणालीः

1 जनवरी 2010 को या उसके बाद भर्ती किये गये सरकार के कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेन्शन योजना, जोकि एक परिभाषित पेन्शन योजना है, के अंतर्गत समाविष्ट किया जाता है। योजना की शर्तों में, कर्मचारी उसके मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत का अंशदान करता/ करती है, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत का अंशदान किया जाता है, और समस्त राशि राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड (एनएसडीएल)/ट्रस्टी बैंक के माध्यम से नामित निधि प्रबंधक को हस्तांतरित की जानी होती है। तथापि, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने सरकारी अंशदान को मई 2021 (संघ

शासित क्षेत्र जम्मू एव कश्मीर सरकार एसओ सं. 178 दिनांक 20 मई 2021) में 1 अप्रैल 2020 से भूतलक्षी प्रभाव सहित 14 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। वर्ष 2020-21 के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर ने केवल 10 प्रतिशत मैचिंग शेयर का अंशदान किया।

वर्ष 2020-21 के दौरान परिभाषित अंशदायी पेन्शन योजना में कुल अंशदान ₹ 1,037.66 करोड़ (कर्मचारी अंशदान ₹ 537.25 करोड़ और संघ शासित क्षेत्र सरकार अंशदान ₹ 500.41 करोड़) था। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने मुख्य शीर्ष 8342-117 परिभाषित अंशदायी पेन्शन योजना के अंतर्गत लोक लेखा में ₹ 1,037.66 करोड़ हस्तांतरित किये। एनपीएस के प्रति संघ शासित क्षेत्र सरकार का अंशदान ₹ 36.84 करोड़ तक कम था जिसका परिणाम उस सीमा तक राजस्व घाटों और राजकोषीय घाटे के कम आंकलन के रूप में हुआ।

वर्ष 2020-21 के दौरान, 31 मार्च 2021 तक निधि के अंतर्गत ₹ 0.52 करोड़ का डेबिट शेष छोड़ते हुए, एनएसडीएल/ ट्रस्टी बैंक (₹ 17.29 करोड़ के पिछले बकाया सहित) को ₹ 1,055.47 करोड़ हस्तांतरित किये गये थे। 31 मार्च 2020 को डेबिट शेष, 30 अक्टूबर 2019 को निधि के अंतर्गत उपलब्ध शेष के आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य गैर-प्रभाजन के कारण था।

प्रोद्भूत ब्याज सहित असंग्रहित, असुमेलित और अहस्तांतरित राशियाँ योजना के अंतर्गत संघ शासित क्षेत्र सरकार की बकाया देयताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं।

(ii) आरक्षित निधियाँ:

आरक्षित निधियों के विवरण वित्त लेखे के विवरण 21 और 22 में उपलब्ध हैं। विशिष्ट प्रयोजनों हेतु चिह्नित सात कार्यशील आरक्षित निधियाँ हैं। 31 मार्च 2021 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2021) के अंत तक इन निधियों में कुल संचित शेष ₹ 771.13 करोड़ था। जिसमें से ब्याज वहन करने वाली आरक्षित निधि के अंतर्गत ₹ 780.89 करोड़ (क्रेडिट) और ब्याज वहन नहीं करने वाली आरक्षित निधि के अंतर्गत ₹ 9.76 करोड़ (डेबिट) था। ब्याज वहन नहीं करने वाली आरक्षित निधि के अंतर्गत 31 मार्च 2021 तक ₹ 9.76 करोड़ का डेबिट शेष 30 अक्टूबर 2019 तक आरक्षित निधियों में कुल संचित निवल शेष (ब्याज वहन न करने वाली) के कारण है, जिसे आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों के मध्य प्रभाजित किया जाना है।

ब्याज वहन करने वाली आरक्षित निधियाँ:

(क) राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ):

राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (मुख्य शीर्ष 8121-सामान्य और अन्य आरक्षित निधियों के अंतर्गत जोकि ब्याज वहन करने वाले अनुभाग के अंतर्गत है) के गठन और प्रशासन पर दिशानिर्देशों के अनुसार, केन्द्र एवं राज्य सरकारों को निधि में 90:10 के अनुपात में अंशदान करना अपेक्षित है। जम्मू एवं कश्मीर राज्य के दो नये संघ शासित क्षेत्रों में पुनर्गठन पर, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर ने इस निधि को जारी रखा। वर्ष 2020-21 के दौरान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संघ शासित क्षेत्र आपदा प्रतिक्रिया कोष में अंशदान के प्रति अनुदानों के कारण ₹ 279.00 करोड़ की राशि निर्मोचित की गयी थी। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने मुख्य शीर्ष 8121-122 एसडीआरएफ के अंतर्गत निधि में ₹ 357.57 करोड़ (केन्दीय अंश ₹ 279.00 करोड़, संघ शासित क्षेत्र अंश ₹ 31.00 करोड़, ब्याज ₹ 43.89 करोड़ और ₹ 3.68 करोड़ का अव्ययित शेष) हस्तांतरित किये थे।

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2021 तक की अवधि हेतु संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर से संबंधित निधि में अंशदान, व्यय और उसमें शेष निम्नानुसार हैः

(₹ करोड़ में)

अथ शेष (1 अप्रैल 2020)	केन्द्र द्वारा अंशदान	संघ शासित क्षेत्र अंश	एनडीआरएफ के अंतर्गत प्राप्तियाँ	वर्ष के दौरान कुल प्राप्तियाँ	सेट ऑफ राशि (एमएच 2245-05)	निधि में शेष	वर्ष के दौरान आरबीआई/ यूटी सरकार द्वारा निवेशित
(-)176.90	279.00	31.00	शून्य	357.57*	164.35	16.32	शून्य

₹ 43.89 करोड़ का ब्याज और पिछले अव्ययित शेष की प्रत्यक्ष जमा के ₹ 3.68 करोड़ सम्मिलित हैं।

प्राकृतिक आपदाओं पर किया गया ₹ 164.35 करोड़ का समस्त व्यय ₹ 180.67 करोड़ के निधि शेष के प्रति सेटऑफ (एमएच 2245) किया गया था। 31 मार्च 2021 के अंत तक निधि में पड़ा हुआ शेष ₹ 16.32 करोड़ था।

1 अप्रैल 2020 को निधि के अंतर्गत ₹ 176.90 करोड़ का ऋणात्मक शेष 30 अक्टूबर 2019 तक राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के अंतर्गत उपलब्ध ₹ 1,271.48 करोड़ के सकल शेष के कारण है जिसे दो नये संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है। आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों के मध्य ₹ 1,260.62 करोड़ के अप्रभाजित निवल शेष को छोड़ते हुए, निधि से ₹ 10.86 करोड़ की राशि का निवेश किया गया।

(ख) राज्य प्रतिकर वन-रोपण निधि:

पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्याः 5-1/2009-एफसी दिनांक 28 अप्रैल, 2009 द्वारा जारी अनुदेशों तथा 2 जुलाई 2009 के दिशानिर्देशों के अनुपालन में, सरकारों को उपभोक्ता अभिकरणों से प्राप्त धनराशि और प्रतिकर वन-रोपण उपक्रम हेतु संग्रहित सहायतित धनराशि की उपयोगिता, वनों का संरक्षण एवं सुरक्षा, अवसंरचना विकास, वन्यजीव संरक्षण तथा सुरक्षा तथा तत्संबंधी प्रासंगिक या उनसे संबद्ध मामलों हेतु राज्य प्रतिकर वन-रोपण निधि को स्थापित करना आवश्यक है।

सरकार द्वारा प्रयोक्ता अभिकरणों से प्राप्त धनराशि को मुख्य शीर्ष 8336-सिविल जमाएं के नीचे लघु शीर्ष स्तर पर लोक लेखा अनुभाग में ब्याज वहन करने वाले अनुभाग के अंतर्गत 'राज्य प्रतिकर वन-रोपण जमाओं' में जमा किये जाने की आवश्यकता होती है। प्रतिकर वन-रोपण निधि अधिनियम, 2016 की धारा 3 (4) के अनुसार, निधि का 90 प्रतिशत के सरकार के लोक लेखा में मुख्य शीर्ष 8121- सामान्य और अन्य आरक्षित निधियों में हस्तांतरित किये जाने की आवश्यकता होती है और शेष 10 प्रतिशत को वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय निधि में जमा किया जाना आवश्यक होता है, उपबंधित है कि निधि के केन्द्रीय अंश 10 प्रतिशत की जमा को मासिक आधार पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए जिससे उक्त को राष्ट्रीय निधि में हस्तांतरित किया जा सके।

8121- सामान्य और अन्य आरक्षित निधियों के अंतर्गत 8336-सिविल जमाएं और राज्य प्रतिकर वन-रोपण निधि के अधीन राज्य प्रतिकर वन-रोपण जमाओं के अंतर्गत उपलब्ध शेषों पर ब्याज की अनुप्रयोज्य दर वर्षानुवर्ष आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा घोषित दर के अनुसार होगी।

जम्मू एवं कश्मीर राज्य का दो नये संघ शासित क्षेत्रों में पुनर्गठन होने पर, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर ने राज्य प्रतिकर वन-रोपण निधि के साथ संव्यवहार जारी रखा।

वर्ष 2020-21 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने प्रयोक्ता अभिकरणों से ₹ 180.19 करोड़ प्राप्त किये और मुख्य शीर्ष-8336-सिविल जमाओं के अंतर्गत उक्त राशि को जमा कर दिया। वर्ष 2020-21 के दौरान, उक्त प्राप्ति (₹ 180.19 करोड़) का 90 प्रतिशत मुख्य शीर्ष 8121-सामान्य और अन्य आरक्षित निधि में हस्तांतरित नहीं किया गया था तथा यथापेक्षित शेष 10 प्रतिशत भी राष्ट्रीय निधि को हस्तांतरित नहीं किया गया था। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने ₹ 356.20 करोड़ राष्ट्रीय प्रतिकर वन-रोपण जमा के भी प्राप्त किये और मुख्य शीर्ष 8121-सामान्य और अन्य आरक्षित निधियों के अंतर्गत प्रतिकर वन-रोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) में जमा कर दिये।राज्य प्रतिकर वन-रोपण जमा/ निधि में कुल शेष मुख्य शीर्ष 8336-सिविल जमाओं के अंतर्गत ₹ 475.26 करोड़ और मुख्य शीर्ष 8121-सामान्य और आरक्षित निधियों के अंतर्गत ₹ 764.57 करोड़ था।

(क) ब्याज वहन नहीं करने वाली आरक्षित निधियाँ:

(अ) समेकित ऋण शोधन निधि:

तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य सरकार ने वर्ष 2012 में ऋणों के परिशोधन हेतु समेकित ऋण शोधन निधि की स्थापना की और आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर ने इसे जारी रखा। निधि के दिशानिर्देशों के अनुसार, सरकार समेकित ऋण शोधन निधि में पिछले वर्ष (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) के अंत तक उनकी बकाया देयताओं {लोक ऋण+लोक लेखा (उचंत और प्रेषण को सम्मिलित नहीं करते हुए)} के न्यूनतम 0.50 प्रतिशत का अंशदान कर सकती है। निधि में निम्नलिखित संव्यवहार हुए हैं:

(₹ करोड़ में)

1 अप्रैल 2020 को अथ शेष	**निधि में परिवर्धन (अंशदान और ब्याज)**		**निधि के बाहर भुगतान**	**निधि में कुल शेष**	**वर्ष के दौरान आरबीआई द्वारा निवेशित राशि**	**31 मार्च 2021 को अंत शेष**
	अपेक्षित अंशदान (31 मार्च 2020 को बकाया द्यताओं* का 0.50 प्रतिशत)	वर्ष के दौरान अंशदान और जोड़ा गया ब्याज				
शून्य	27.50	55.63	शून्य	55.63	शून्य	55.63

**31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि हेतु ₹ 5,500.35 करोड़ की बकाया देयता का आंकलन तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) को समाप्त अवधि हेतु ₹ 83,536.64 करोड़ की देयताएं, जिन्हें आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों के मध्य प्रभाजित किया जाना है, को सम्मिलित नहीं करते हुए किया गया है।*

निधि में तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा निधि के प्रारंभ से 30 अक्टूबर 2019 तक ₹ 355.87 करोड़ के अंशदान को संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है।

(आ) प्रत्याभूति मोचन निधि:

प्रत्याभूति मोचन निधि (जीआरएफ) पर 2013 के आरबीआई के दिशानिर्देशों में उल्लिखित है कि सरकार के लिए यह वांछनीय है कि वह निधि के गठन के वर्ष के आरंभ में बकाया प्रत्याभूतियों के न्यूनतम एक प्रतिशत का योगदान करे और उसके बाद पिछले वर्ष की बकाया प्रत्याभूतियों के न्यूनतम तीन से पाँच प्रतिशत के कोष प्राप्त करने हेतु प्रतिवर्ष न्यूनतम 0.50 प्रतिशत का योगदान करे।

संघ शासित क्षेत्र जम्मू और कश्मीर सरकार ने 31.03.2021 तक प्रत्याभूति मोचन निधि अधिनियम को निर्मित नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, तत्कालीन जम्मू और कश्मीर सरकार की प्रत्याभूति मोचन निधि योजना के पास निधि में अंशदान के लिए कोई भी लक्ष्य नहीं था।

वर्ष 2020-21 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने निधि के प्रति ₹ एक करोड़ का अंशदान किया। 31 मार्च 2021 तक निधि का अंत शेष ₹ दो करोड़ था। 30 अक्टूबर 2019 तक निधि में ₹ 20.42 करोड़ का शेष भी था जिसे संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है। ₹ 22.42 करोड़ {संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर से संबंधित ₹ दो करोड़ (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2021) तथा 30 अक्टूबर 2019 तक तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित ₹ 20.42 करोड़} की संपूर्ण राशि का सरकार द्वारा निवेश नहीं किया गया है।

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा 31 मार्च 2021 तक प्रदत्त (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2021) ₹ 1,486.07 करोड़ की बकाया प्रत्याभूतियां {30 अक्टूबर 2019 के अंत तक ₹ 452.07 करोड़ (₹ 1.65 करोड़ का ब्याज सम्मिलित नहीं करते हुए) को सम्मिलित नहीं करते हुए जिसे दो नये संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है।

निधि का विवरण निम्नानुसार हैः

(₹ करोड़ में)

अथ शेष (01 अप्रैल 2020)	निधि में परिवर्धन (अंशदान और ब्याज)			निधि के बाहर भुगतान	निधि में कुल शेष	निधि में अपेक्षित शेष*	वर्ष 2020-21 के दौरान आरबीआई द्वारा निवेशित राशि	अंत शेष (31 मार्च 2021)
	अपेक्षित अंशदान *	2020-21 के दौरान वास्तविक						
		अंशदान	ब्याज					
1.00	*	1.00	शून्य	शून्य	2.00	*	शून्य	2.00

**31.03.2021 तक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा कोई जीआरएफ अधिनियम को निर्मित नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, तत्कालीन जम्मू और कश्मीर सरकार की प्रत्याभूति मोचन निधि योजना के पास निधि में अंशदान के लिए कोई भी लक्ष्य नहीं था।*

लेखा के मुख्य और लघु शीर्षों की सूची के अनुसार, संघ शासित क्षेत्र सरकार को प्रत्याभूति मोचन निधि (जीआरएफ) में अंशदान हस्तांतरित करने के लिए व्यय शीर्ष (राजस्व लेखा) अनुभाग में कार्यात्मक मुख्य/ उप-मुख्य शीर्षों के अंतर्गत, जहाँ कहीं आवश्यक हो, लघु शीर्ष 797- आरक्षित निधियों/ जमा लेखा में हस्तांतरण का परिचालन करना अपेक्षित था। तथापि, संघ शासित क्षेत्र सरकार ने मुख्य शीर्ष 2075-'विविध सामान्य सेवाएं' के नीचे लघु शीर्ष-800 का परिचालन किया।

(ख) अपरिचालित आरक्षित निधियाँ:

तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य (पुनर्गठन पूर्व) से संबंधित पाँच ब्याज वहन नहीं करने वाली अपरिचालित आरक्षित निधियाँ थी। 30 अक्टूबर 2019 के अंत तक कुल संचित शेष का विवरण नीचे दिया गया हैः

क्र. सं.	मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष	राशि ₹ करोड़ में
1.	8223-अकाल राहत निधि	101- अकाल राहत निधि	8.67
2.	8226-मूल्यह्रास/ नवीकरण आरक्षित निधि	101-सरकारी वाणिज्यिक विभागों/ उपक्रमों की आरक्षित निधियों का मूल्यह्रास	573.79
3.	8226- मूल्यह्रास/ नवीकरण आरक्षित निधि	102- सरकारी गैर-वाणिज्यिक विभागों की आरक्षित निधियों का मूल्यह्रास	72.86
4.	8229-विकास और कल्याण निधियाँ	103-कृषिगत प्रयोजनों हेतु विकास निधियाँ	40.52
5.	8229- विकास और कल्याण निधियाँ	109-सहकारी विकास निधियाँ	*

**नगण्य ₹ 0.10 लाख मात्र।*

इन पाँच अपरिचालित निधियों के अंतर्गत 30 अक्टूबर 2019 की समाप्ति तक ₹ 695.84 करोड़ के कुल संचित शेष को अभी तक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना है।

(iii) उचंत एवं प्रेषण शेष:

वित्त लेखे उचंत एवं प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत निवल शेषों को प्रतिबिम्बित करते हैं। इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेष की गणना विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत पृथक रूप से बकाया डेबिट और क्रेडिट शेषों जोड़ते हुए की जाती है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के पिछले दो वर्षों 2019-20 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) तथा 2020-21 हेतु मुख्य उचंत शीर्षों के अंतर्गत सकल आँकड़ों की स्थिति **अनुलग्नक-ट** में दी गयी है।

उचंत एवं प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) के अंत तक ₹ 2,114.33 करोड़ {उचंत के अंतर्गत ₹ 733.16 करोड़ (डेबिट) प्रेषणों के अंतर्गत ₹ 2,847.49 करोड़} का निवल क्रेडिट शेष भी था जिसे आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है।

इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेषों की गैर-निर्बाधता संघ शासित क्षेत्र सरकार के लेखाओं (जिन्हें वर्ष दर वर्ष अग्रणीत किया जाता है) के भिन्न-भिन्न शीर्षों के अंतर्गत प्राप्ति/ व्यय के आँकड़ों और शेषों की परिशुद्धता को प्रभावित करती है।

(iv) केन्द्रीय सड़क निधि (सीआरएफ):

भारत सरकार विशिष्ट सड़क परियोजनाओं पर व्यय करने के लिए संघ शासित क्षेत्र सरकार को केन्द्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) के अंतर्गत वार्षिक अनुदानें उपलब्ध कराती है। विस्तारित लेखांकन कार्यविधि के अनुसार, अनुदानों को प्रारंभिक रूप से मुख्य शीर्ष "1601-सहायता अनुदान" के अंतर्गत राजस्व प्राप्तियों के रूप में बुक किया जाना होता है। उसके बाद इस प्रकार प्राप्त की गयी राशि को संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा राजस्व व्यय मुख्य शीर्ष "3054-सड़कें एवं पुल" के माध्यम से मुख्य शीर्ष "8449-अन्य जमाएं केन्द्रीय सड़क निधि से संसहायिकी" के अंतर्गत लोक लेखा में हस्तांतरित करना होता है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि अनुदानों की प्राप्ति का परिणाम लेखाओं में राजस्व अधिशेष के कम आंकलन या राजस्व घाटे के अधिक आंकलन के रूप में नहीं हुआ है। सीआरएफ के अंतर्गत निर्धारित सड़क निर्माण कार्यों पर व्यय प्रथमतया संबद्ध पूँजीगत व्यय अनुभाग मुख्य शीर्ष "5054-सड़कों एवं पुलों पर पूँजीगत परिव्यय" के अंतर्गत अभिलेखबद्ध करना होता है और संबंधित मुख्य शीर्ष-5054 में व्यय कटौती के रूप में मुख्य शीर्ष 8449 के अंतर्गत लोक लेखा से प्रतिपूर्ति की जाती है।

वर्ष 2020-21 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने सीआरएफ के प्रति ₹ 79.40 करोड़ के अनुदान प्राप्त किये और समस्त राशि को व्यय शीर्ष-3054 के माध्यम से जमा शीर्ष-8449 में हस्तांतरित कर दिया। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने 31 मार्च 2021 के अंत तक निधि में ₹77.34 करोड़ का अंत शेष छोड़ते हुए, जो 31 मार्च 2020 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक) के अंत तक ₹ 25.30 करोड़ के पिछले अव्ययित शेष को शामिल करता है, वर्ष के दौरान निधि से ₹ 27.36 करोड़ का व्यय किया था।
निधि के अंतर्गत 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) तक ₹ 573.33 करोड़ का शेष भी था, जिसे संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है।

(v) भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर:

भारत सरकार ने कामगारों को लाभ पहुँचाने के लिए उपकर की उगाही और संग्रहण हेतु भवन और अन्य निर्माण कामगार उपकर अधिनियम, 1996 (उपकर अधिनियम) बनाया था। इस अधिनियम ने, अन्य बातों के साथ-साथ, अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्रत्येक सरकार द्वारा नियमावली का निर्माण करने तथा भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के गठन को समादेशित किया। तदनुसार, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य ने अधिनियम के अंतर्गत भवन और अन्य निर्माण कामगार (रोजगार एवं सेवा-शर्तों का विनियमन) नियमावली, 2006 का निर्माण किया तथा वर्ष 2007 में जम्मू एवं कश्मीर भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का गठन किया। बोर्ड श्रमिक उपकर जमाओं के रूप में सरकार द्वारा जमा की गयी राशि के परिचालन और अनुरक्षण हेतु उत्तरदायी है।

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने उक्त नियमावली का अनुपालन जारी रखा। वर्ष 2020-21 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने श्रम उपकर के रूप में ₹ 124.41 करोड़ संग्रहित किये जो बोर्ड के बैंक खाते में रखे जा रहे हैं।

(vi) अन्य उपकर:

वर्ष 2020-21 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने मुख्य शीर्ष 0029-"भू-राजस्व" (श्रम उपकर के अलावा) के नीचे लघु शीर्ष 103-"भूमि पर दरें और उपकर" के अंतर्गत ₹ 22.45 करोड़ की राशि बुक की थी। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार (अगस्त 2021) द्वारा संग्रहित उपकरों के हस्तांतरण हेतु संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा कोई निधि स्थापित नहीं की गयी थी।

(vii) रोकड़ शेष:

प्रधान महालेखाकार (ले व हक) के अभिलेख के अनुसार 31 मार्च 2021 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2021) संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर (पुनर्गठन पश्चात्) का रोकड़ शेष ₹ 1,447.69 करोड़ (डेबिट) और आरबीआई {जैसा कि प्रधान महालेखाकार (ले व हक) द्वारा आंकलित किया गया} के अनुसार ₹ 1,448.27 करोड़ (क्रेडिट) था। संघ शासित क्षेत्र सरकार और अभिकरण बैंक के मध्य गैर-मिलान के कारण, ₹ 0.58 करोड़ (क्रेडिट) का निवल अंतर था।

30 अक्टूबर 2019 तक आरबीआई और प्रधान महालेखाकार के आँकड़ों के मध्य ₹ 83.32 करोड़ (क्रेडिट) का निवल अंतर भी था जिसे संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है।

(viii) राज्य के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप शेषों का नियतन:

जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (धारा 84 और 85) तथा जम्मू एवं कश्मीर सरकार की अधिसूचना दिनांक 30 अक्टूबर 2020 में वह तरीका उपबंधित है जिसके द्वारा शेषों को 31 अक्टूबर 2019 से आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना है।

यद्यपि, इस संबंध में संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2020 को अधिसूचना जारी कर दी गयी थी, परंतु 30 अक्टूबर 2019 तक के सभी शेषों को आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना है, परिणामस्वरूप लेखाओं के कुछ शीर्षों के अंतर्गत विपरीत शेष रहे। उक्त अवधि हेतु अप्रभाजित मदों का विवरण वित्त लेखे के खण्ड-II के **परिशिष्ट-XIII** में दिया गया है।

5. भारतीय सरकारी लेखांकन मानकों (आईजीएएस) के अनुसार प्रकटन:

(क) आईजीएएस 1-सरकार द्वारा दी गयी प्रत्याभूतियाँ:

आईजीएएस-1 अपेक्षा करता है कि संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा दी गयी प्रत्याभूतियों पर क्षेत्र-वार और श्रेणी-वार प्रकटनों को वित्त लेखे में निगमित किया जाना चाहिए। विवरण 9 और 20 संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा दी गयी प्रत्याभूतियों और प्रत्याभूतित राशि पर ब्याज के विवरण दर्शाता है। यद्यपि, क्षेत्र-वार ब्योरे प्रकटित किये गये हैं, श्रेणी-वार ब्योरे संघ शासित क्षेत्र के वित्त लेखे में निगमित नहीं किये गये थे क्योंकि उक्त संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा प्रस्तुत नहीं किये गये थे।

आईजीएस-1 के अनुसार तैयार किये गये विवरण 9 और 20 में प्रतिवेदित प्रत्याभूतियों पर ब्योरे, प्रधान महालेखाकार जम्मू एवं कश्मीर द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना पर आधारित हैं और ये संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार तथा संबंधित अधिष्ठान के साथ मिलानाधीन हैं।

(ख) आईजीएएस 2- सहायता अनुदान का लेखांकन और वर्गीकरण:

आईजीएएस-2 के अनुसार, सहायता अनुदान संबंधी व्यय को, उन मामलों के अलावा जो भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट रूप से परिशोधित किये गये, राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए, यदि इसमें परिसंपत्तियों का सृजन सम्मिलित है।लेखांकन और संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा दिये गये सहायता अनुदानों के वर्गीकरण संबंधी आवश्यकताएं विवरण 10 और **परिशिष्ट III** में प्रदर्शित की गयी हैं जिन्हें आईजीएएस-2 की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया गया है। सहायता अनुदान के प्रति ₹ 61.59 करोड़ की राशि पूँजीगत शीर्षों के अंतर्गत बुक की गयी थी, जोकि आईजीएएस-2 के प्रावधानों का उल्लंघन है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा विभिन्न रूप से दिये गये सहायता अनुदानों के संबंध में विस्तृत सूचना प्रस्तुत (अगस्त 2021) नहीं की गयी है।

(ग) आईजीएएस 3- सरकार द्वारा दिये गये ऋण और अग्रिम:

आईएजीएस-3 संघ, राज्य और संघ शासित क्षेत्र सरकारों द्वारा दिये गये ऋणों और अग्रिमों पर प्रकटन की अपेक्षा करता है।

वित्त लेखे 2020-21 के विवरण 7 और 18 को आईजीएएस-3 के अंतर्गत प्रकटनों को निगमित करते हुए तैयार किया गया है। वित्त लेखे के इन विवरणों में प्रतिवेदित ऋणों एवं अग्रिमों के ब्योरे प्रधान महालेखाकार (ले व हक) को प्रस्तुत लेखाओं और सरकारी कर्मचारियों को दिये गये ऋणों एवं अग्रिमों के संबंध में प्रधान महालेखाकार (ले व हक) द्वारा अनुरक्षित विस्तृत लेखाओं पर आधारित हैं। 31 मार्च 2021 तक विवरण 7 और 18 में प्रदर्शित अंत शेषों का ऋणी अधिष्ठानों/ संघ शासित क्षेत्र सरकार के साथ मिलान नहीं किया गया है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने कुछ ऋणों एवं अग्रिमों, जिनके लिए उन्होंने विस्तृत लेखे अनुरक्षित किये हैं, के संबंध में भी आँकड़ों को प्रस्तुत नहीं किया है। तथापि, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने आश्वासन दिया है कि अपेक्षित सूचना वर्ष 2021-22 के लेखाओं से प्रस्तुत की जायेगी।

लेखे निम्नलिखित इंगित करते हैं:

30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) को समाप्त अवधि हेतु तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित ₹ 21.57 करोड़ की राशि के पुराने ऋणों (जिनके विस्तृत लेखे प्रधान महालेखाकार (ले व हक) द्वारा अनुरक्षित किये जाते हैं) को आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्र अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है।

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2021 के दौरान छह विभागों ने नौ स्वायत्त निकायों/ पीएसयू, प्राधिकरणों इत्यादि को ₹ 99.78 करोड़ की राशि के 46 सरकारी ऋण संस्वीकृत किये थे, यद्यपि, पिछले ऋणों के संबंध में संबंधित ऋणियों से कोई पुनर्भुगतान प्राप्त नहीं हुआ था। ₹ 38.14 करोड़ की राशि के पिछले ऋण पुनर्गठन उपरांत 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान दिये गये थे (**ब्योरे अनुलग्नक-ठ में है)।**

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2021 (पुनर्गठन उपरांत) (विवरण 18 के अतिरिक्त प्रकटनों में ब्योरे दिये गये हैं) के दौरान सांविधिक निगमों/ अन्य अधिष्ठानों को ₹ 99.78 करोड़ की राशि के ऋणों हेतु ऋणों के पुनर्भुगतान की निबंधन एवं शर्तों का निपटारा नहीं किया गया है।

परिणामस्वरूप, इस कारण से संघ शासित क्षेत्र सरकार के प्राप्यों का मूल्यांकन नहीं किया जा सका। 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) को समाप्त अवधि हेतु अविभाजित जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा सांविधिक निगमों/ अन्य अधिष्ठानों को दिये गये ₹ 1,718.87 करोड़ के बकाया ऋण भी थे जिन्हें अभी तक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना है।

वर्ष के अंत में सांविधिक निगमों/ पीएसयू इत्यादि को दिये गये ऋणों की अतिदेय वसूली संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा सूचित (अगस्त 2021) नहीं की गयी है।

प्रधान महालेखाकार (ले व हक) सत्यापन एवं स्वीकृति हेतु वार्षिक रूप से ऋण संस्वीकृत करने वाले विभागों को ऋण शेषों (जहाँ प्रधान महालेखाकार द्वारा विस्तृत लेखे अनुरक्षित किये जाते हैं) की सूचना देता है। किसी भी ऋणी ने शेषों की पुष्टि (अगस्त 2021) नहीं की है।

शेषों के मिलान हेतु विभागीय/ कोषागार अधिकारियों से प्रतीक्षित सूचना के ब्योरे वित्त लेखे के **परिशिष्ट-VII** में उपलब्ध कराये गये हैं।

6. राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन (एफआरबीएम)/ मध्यावधि राजकोषीय नीति (एमटीएफपी) अधिनियम के अंतर्गत प्रकटन:

अगस्त 2009 में तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा पारित जम्मू एवं कश्मीर एफआरबीएम अधिनियम, 2006 के संदर्भ में, आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने संसद (मार्च 2021) में वर्ष 2021-22 हेतु संघ शासित क्षेत्र बजट सहित मध्यावधि राजकोषीय नीति और कार्यनीति विवरण प्रस्तुत किया। वर्ष 2020-21 हेतु कोई राजकोषीय संकेतकों-रोलिंग लक्ष्यों को विनिर्दिष्ट नहीं किया गया था। तथापि, वर्ष 2020-21 हेतु लेखाओं के अनुसार, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के राजकोषीय मापदण्ड निम्नानुसार थेः

क्र. सं.	मापदण्ड	लेखे और जीएसडीपी* के अनुसार वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ
1.	राजस्व घाटा	लेखाओं के अनुसार ₹ 138.27 करोड़ का राजस्व घाटा वर्ष 2020-21 हेतु जीएसडीपी का 0.08 प्रतिशत था।
2.	राजकोषीय घाटा	लेखाओं के अनुसार ₹ 10,693.36 करोड़ का राजकोषीय घाटा वर्ष 2020-21 हेतु जीएसडीपी का 6.07 प्रतिशत था।
3.	बकाया लोक ऋण# और अन्य देयताएं	31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2021 (30 अक्टूबर 2019 तक ₹ 83,536.64 करोड़ के बकाया लोक ऋण और अन्य देयताएं सम्मिलित नहीं करते हुए जिन्हें अभी तक आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों के मध्य प्रभाजित किया जाना है) तक की अवधि हेतु बकाया लोक ऋण# और अन्य देयताएं (₹ 14,880.47# करोड़) जीएसडीपी का 8.44 प्रतिशत थी।

 # इस डेबिट में ₹ 2,099.80 करोड़ सम्मिलित नहीं है, जिन्हें भारत सरकार द्वारा भारत सरकार के आदेश संख्या एफ संख्या 40(1) पीएफ-एस 2021-22 दिनांक 10 दिसंबर 2021 द्वारा जीएसटी क्षतिपूर्ति में कमी के बदले में अनुषंगी ऋणों को बढ़ाया गया था।

₹ 10,693.36 करोड़ के राजकोषीय घाटे को निम्न प्रकार से वित्त पोषित किया गया था (i) आंतरिक ऋण (बाजार उधारियाँ, वित्तीय संस्थानों इत्यादि से ऋण) ₹ 7,005.26 करोड़, (ii) केन्द्र सरकार से ऋण और अग्रिम ₹ 2,164.35 करोड़, (iii) लघु बचतें, भविष्य निधियाँ इत्यादि ₹ 1,144.17 करोड़, (iv) जमा एवं अग्रिम ₹ 581.96 करोड़, (v) आकस्मिकता निधि ₹ 25.00 करोड़, (vi) ऋण शोधन निधियाँ और आरक्षित निधियाँ ₹ 584.18 करोड़, (vii) उचंत एवं विविध (-) ₹ 82.34 करोड़, (viii) प्रेषण (-) ₹ 763.81 करोड़, (ix) रोकड़ शेष में कमी ₹ 34.59 करोड़।

वर्ष 2020-21 हेतु संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार की *__जीएसडीपी__ (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) ₹ 1,76,282 करोड़ है जैसाकि सांख्यिकी एवं कार्यान्वयन मंत्रालय (26 अप्रैल 2021) पर उपलब्ध है। बकाया ऋण में सभी ऋण (₹ 2,099.80 करोड़ सम्मिलित नहीं है, जिन्हें जीएसटी क्षतिपूर्ति में कमी के बदले में अनुषंगी ऋणों को बढ़ाया गया था।) और अन्य देयताएं सम्मिलित हैं।

7. राजस्व घाटे एवं राजकोषीय घाटे पर प्रभाव:

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के राजस्व घाटे एवं राजकोषीय घाटे पर प्रभाव, जैसाकि पूर्ववर्ती पैराग्राफों [पैरा संख्या 2(ii), 2(ix), और 4(i)] में दर्शाया गया है, को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया हैः

पैरा संख्या	मद (उदाहरणात्मक)	राजस्व घाटे पर प्रभाव (क)		राजकोषीय घाटे पर प्रभाव (ख)	
		अधिक आंकलन (₹ करोड़ में)	कम आंकलन (₹ करोड़ में)	अधिक आंकलन (₹ करोड़ में)	कम आंकलन (₹ करोड़ में)
2 (ii)	राजस्व एवं पूँजीगत के मध्य गलत वर्गीकरण	कोई प्रभाव नहीं	189.81	कोई प्रभाव नहीं	कोई प्रभाव नहीं
2 (ix)	राज्य प्रतिकर वन-रोपण निधि एमएच-8121 पर ब्याज का गैर-भुगतान	कोई प्रभाव नहीं	13.88	कोई प्रभाव नहीं	13.88
2 (ix)	राज्य प्रतिकर वन-रोपण जमा एमएच-8336 पर ब्याज का गैर-भुगतान	कोई प्रभाव नहीं	10.03	कोई प्रभाव नहीं	10.03
4(i)	परिभाषित अंशदायी पेन्शन निधि में कम अंशदान	कोई प्रभाव नहीं	36.84 (क)	कोई प्रभाव नहीं	36.84 (a)
कुल (निवल) प्रभाव		**250.56 (क) कम आंकलन**		**60.75 (क) कम आंकलन**	

(क) दिनांक 01.04.2020 से प्रभावी 10 प्रतिशत से 14 प्रतिशत तक सरकारी अंशदान कीभूतलक्षी प्रभावी वृद्धि (मई 2021 में) राजस्व और राजकोषीय घाटे पर प्रभाव में प्रतिबिम्बित नहीं हुयी है। कृपया पैरा 4 (i) का संदर्भ लें।

अनुलग्नक-क

बुक समायोजन

(संदर्भ: पैराग्राफ 1(ii)); पृष्ठ 62)

बुक समायोजन	लेखा शीर्ष		राशि	अभ्युक्तियाँ
	से	तक	**(₹ करोड़ में)**	
सा. भ. निधि पर ब्याज	2049-03-104	8009-101	1,845.08	संघ शासित क्षेत्र सरकार कर्मचारियों के सा. भ. निधि पर वार्षिक ब्याज और संघ शासित क्षेत्र सरकार कर्मचारियों (अनंतिम आधार पर) की राज्य जीवन बीमा निधि पर ब्याज तथा 31 अक्टूबर से 31 मार्च 2020 तक की अवधि हेतु एसडीआरएफ के अंतर्गत शेष पर ब्याज।
राज्य बीमा निधि पर ब्याज	2049-03-108	8011-105	65.73	
एसडीआरएफ पर ब्याज	2049-05-105 (डेबिट)	8121-122 (क्रेडिट)	43.89	
राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि (एसडीआरएफ)	2245-05-901 (कटौती डेबिट)	8121-122 (डेबिट)	164.35	एमएच 2245 को कटौती डेबिट द्वारा एमएच-8121 को डेबिट करके एसडीआरएफ से प्राप्त आनुग्राहिक राहत निधि पर व्यय।
	2245-05-101 (डेबिट)	8121-122 (क्रेडिट)	310.00	एमएच-2245 को डेबिट द्वारा एसडीआरएफ को हस्तांतरित यूटी शेयर सहित सहायता अनुदान राशि।
केन्द्रीय सड़क निधि	3054-80-797 (डेबिट)	8449-103 (क्रेडिट)	79.40	सड़कों के विकास हेतु भारत सरकार से सीआरएफ सहायता अनुदान।
केन्द्रीय सड़क निधि	5054-80-902 (कटौतीडेबिट)	8449-103 (डेबिट)	27.36	प्रारंभिक रूप से मुख्य शीर्ष-5054 के अंतर्गत बुक किये गये सीआरएफ से प्राप्त व्यय।
ऋण शोधन निधि का सृजन	2048-101 (डेबिट)	8222-101 (क्रेडिट)	55.63	सृजित ऋण शोधन निधि तथा ऋण शोधन निधि को हस्तांतरित राशि।
प्रत्याभूति मोचन निधि	2075-800 (डेबिट)	8235-117 (क्रेडिट)	1.00	एमएच- 2075-800 के अंतर्गत संघ शासित क्षेत्र की समेकित निधि से डेबिट द्वारा प्रत्याभूति मोचन निधि को हस्तातंरित राशि।

अनुलग्नक-ख

राजस्व के बजाय पूँजीगत के अंतर्गत बुक किया गया व्यय

(संदर्भ: पैराग्राफ 2(ii); पृष्ठ 63)

क्र. सं.	वर्गीकरण	सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान	सहायिकी	वेतन
				(₹ करोड़ में)
1.	4210- चिकित्सा और जन स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय	9.62	-	-
2.	4225- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों के कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय	3.35	-	-
3.	4235- सामाजिक सुरक्षा और कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय	-	-	0.17
4.	4401- फसल पैदावार पर पूँजीगत परिव्यय	10.11	125.84	-
5.	4402- मृदा एवं जल संरक्षण पर पूँजीगत परिव्यय	-	0.46	-
6.	4515- अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर पूँजीगत परिव्यय	38.51	-	-
7.	5055- सड़क परिवहन पर पूँजीगत परिव्यय	-	1.75	-
	कुल	**61.59**	**128.05**	**0.17**

अनुलग्नक-ग

लघु शीर्ष 800 अन्य व्यय का परिचालन

(संदर्भ: पैराग्राफ 2(iv); पृष्ठ 63-64)

मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय सहित कुल व्यय	लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय	मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल व्यय हेतु लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय का प्रतिशत	व्यय की प्रकृति
	(₹ करोड़ में)			
2029-भू-राजस्व	4.24	4.24	100.00	वेतन पर व्यय
2075-विविध सामान्य सेवाएं	1.15	1.00	86.96	एमएच- 8121-117-प्रत्याभूति मोचन निधि के अंतर्गत ञ-आरक्षित निधि को हस्तांतरित राशि।
2211-परिवार कल्याण	212.33	116.31	54.78	परिवार कल्याण योजनाओं पर व्यय
2250-अन्य समाज सेवाएं	3.05	1.71	56.07	विभिन्न योजनाओं पर व्यय
3452-पर्यटन	135.03	68.93	51.05	विभिन्न विकास प्राधिकरणों पर व्यय
4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	7.37	7.37	100.00	वेतन पर व्यय
4075-विविध सामान्य सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	70.46	70.46	100.00	व्यय मुख्यतः निर्माण कार्यों पर है
4225- एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों के कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय	31.28	30.94	98.91	व्यय मुख्यतः निर्माण कार्यों पर है।

अनुलग्नक-ग-(समाप्त)

लघु शीर्ष 800 अन्य व्यय का परिचालन

(संदर्भ: पैराग्राफ 2 (iv); पृष्ठ 63-64)

मुख्य शीर्ष	**लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय सहित कुल व्यय**	**लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय**	**मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल व्यय हेतु लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय का प्रतिशत**	**व्यय की प्रकृति**
	(₹ करोड़ में)			
4236-पोषण पर पूँजीगत परिव्यय	16.45	16.45	100.00	व्यय मुख्यतः निर्माण कार्यों पर है।
4405-मत्स्यपालन पर पूँजीगत परिव्यय	34.70	34.70	100.00	व्यय मुख्यतः निर्माण कार्यों पर है।
4406-वानिकी और वन्य जीवन पर पूँजीगत परिव्यय	133.56	116.18	86.99	व्यय मुख्यतः निर्माण कार्यों पर है।
4515-अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर पूँजीगत परिव्यय	2,022.86	1,497.41	74.02	व्यय मुख्यतः निर्माण कार्यों पर है।
5425-अन्य वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय अनुसंधान पर पूँजीगत परिव्यय	24.23	23.24	95.91	व्यय मुख्यतः निर्माण कार्यों पर है।
5452-पर्यटन पर पूँजीगत परिव्यय	76.57	76.57	100.00	व्यय मुख्यतः निर्माण कार्यों पर है।
5475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	846.68	748.03	88.35	व्यय मुख्यतः निर्माण कार्यों पर है।

अनुलग्नक-घ

लघु शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियों का परिचालन

(संदर्भ: पैराग्राफ 2 (iv); पृष्ठ 63-64)

मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत प्राप्तियों सहित कुल व्यय	लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत व्यय	मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल प्राप्तियों हेतु लघु शीर्ष 800 के अंतर्गत प्राप्तियों का प्रतिशत	प्राप्ति की प्रकृति
	(₹ करोड़ में)			
0049-ब्याज प्राप्ति	17.86	17.76	99.44	एसडीएल पर भुगतान योग्य ब्याज पर दी गयी छूट और अन्य अभिकरणों द्वारा प्रदत्त ब्याज के कारण प्राप्ति
0059-लोक निर्माण	25.49	19.18	75.25	अतिथि गृहों से प्राप्तियाँ
0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं	19.15	13.01	67.94	सरकारी आवासों, एमएलए आवासों में खान-पान से प्राप्ति
0235-सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	3.47	3.47	100.00	पंजीकरण शुल्क प्राप्तियाँ
0408-खाद्य संग्रहण और भण्डारण	7.55	7.55	100.00	उपभोक्ता मामले और लोक वितरण के कारण संग्रहित प्राप्तियाँ
0701-मध्यम सिंचाई	996.66	996.66	100	सरकार द्वारा प्राप्त जल उपभोग प्रभार
0702-लघु सिंचाई	9.42	8.65	91.83	विविध प्राप्तियाँ
0801-विद्युत	2,349.74	2,349.74	100.00	विद्युत की बिक्री
0853-अलौह खनन और धात्विक उद्योग	227.91	158.97	69.75	अन्य विविध प्राप्तियाँ

अनुलग्नक-ङ

उच्चतम लंबन वाले विभागों के उपयोगिता प्रमाण-पत्रों का अवधि विश्लेषण

(संदर्भ: पैराग्राफ 2 (vii); पृष्ठ 65)

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	**विभाग का नाम**	**अवधि**	**राशि**
1.	शिक्षा विभाग	3 वर्ष और अधिक	2,868.97
		2 वर्ष	626.45
		1 वर्ष	2,255.31
		कुल-शिक्षा विभाग	**5,750.73**
2.	चिकित्सा विभाग	3 वर्ष और अधिक	258.95
		2 वर्ष	375.74
		1 वर्ष	408.65
		कुल- चिकित्सा विभाग	**1,043.34**
3.	कृषि विभाग	3 वर्ष और अधिक	848.75
		2 वर्ष	5.25
		1 वर्ष	130.00
		कुल-कृषि विभाग	**984.00**
4.	ग्रामीण विकास विभाग	3 वर्ष और अधिक	42.91
		2 वर्ष	67.99
		1 वर्ष	564.91
		कुल-ग्रामीण विकास विभाग	**675.81**

अनुलग्नक-च

निवेश में अंतर का विवरण

(संदर्भ: पैराग्राफ 2 (x) (क); पृष्ठ 67)

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	अधिष्ठान का नाम	विवरण सं. 16 के अनुसार राशि	विवरण सं. 19 के अनुसार राशि	अंतर	अभ्युक्तियाँ
1.	जेएण्डके एससी/ एसटी/ बीसी विकास निगम लिमिटेड	शून्य	1.20	(-)1.20	इस प्रकार की कोई राशि सरकार द्वारा निवेश के रूप में बुक नहीं की गयी है।
2.	जेएण्डके महिला विकास निगम लिमिटेड	2.21	शून्य	(+)2.21	निगम ने ₹ 2.21 करोड़ अनुदान के रूप में दर्शाये हैं।
3.	जेएण्डके, एसआईसीओपी लिमिटेड	2.00	शून्य	(+)2.00	निगम ने ₹ 2.00 करोड़ अनुदान के रूप में दर्शाये हैं।
4.	जेएण्डके, एसआईडीसीओ लिमिटेड	3.40	शून्य	(+)3.40	निगम ने ₹ 3.40 करोड़ अनुदान के रूप में दर्शाये हैं।
5.	भू-विज्ञान एवं खनन	0.82	शून्य	(+)0.82	निगम ने निवेश के रूप में कोई राशि नहीं दर्शायी है।
6.	जेएण्डके खनिज लिमिटेड	1.40	शून्य	(+)1.40	निगम ने निवेश के रूप में कोई राशि नहीं दर्शायी है।
7.	जम्मू एवं कश्मीर उद्यान कृषि उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम लिमिटेड	शून्य	0.80	(-)0.80	इस प्रकार की कोई राशि सरकार द्वारा निवेश के रूप में बुक नहीं की गयी है।
8.	जेएण्डके सहकारी/ कृषि एवं ग्रामीण बैंक	8.15	शून्य	(+)8.15	यद्यपि सरकार ने लघु शीर्ष 190- निवेश के अंतर्गत राशि बुक की है, परंतु निगम ने उक्त राशि को निवेश के रूप में नहीं दर्शाया है।
	कुल	**17.98**	**2.00**	**(+)15.98**	

अनुलग्नक-छ

निवेश में अंतर का विवरण

(संदर्भ: पैराग्राफ 2 (x) (ख); पृष्ठ 67)

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	**अधिष्ठान का नाम**	**पूर्व दर्शायी गयी राशि**	**अब दर्शायी गयी राशि**	**अंतर**
1.	चिनाब घाटी विद्युत परियोजना प्राइवेट लिमिटेड	प्रतीक्षित	1,187.85	1,187.85
2.	जम्मू स्मार्ट सिटी	प्रतीक्षित	0.10	0.10
3.	श्रीनगर स्मार्ट सिटी	प्रतीक्षित	0.10	0.10
4.	जम्मू मास रैपिड ट्रांजिट निगम	प्रतीक्षित	0.02	0.02
5.	भू-विज्ञान एवं खनन	प्रतीक्षित		
6.	जम्मू एवं कश्मीर अवसंरचना विकास निगम	प्रतीक्षित	0.50	0.50
7.	जम्मू एवं कश्मीर आईटी अवसंरचना विकास निगम जम्मू	प्रतीक्षित	0.50	0.50
8.	जम्मू एवं कश्मीर विद्युत निगम लिमिटेड	प्रतीक्षित	0.05	0.05
	कुल	**शून्य**	**1,189.12**	**1,189.12**

अनुलग्नक-ज

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) जिन्होंने वर्ष 2020-21 के दौरान ऋण और सहायता अनुदान प्राप्त किये हैं, परंतु अपने लेखाओं को संवृत नहीं किया है

(संदर्भ: पैराग्राफ 2 (xi); पृष्ठ 68)

क्र. सं.	पीएसयू का नाम	वर्ष 2020-21के दौरान दिये गये ऋण	वर्ष 2020-21के दौरान दिये गये अनुदान	अभ्युक्तियाँ
		(₹ करोड़ में)		
1.	जेएण्डके, राज्य सड़क परिवहन निगम	32.50	-	निगम ने इसके केवल 2013-14 तक के लेखाओं को संवृत किया है।
2.	जेएण्डके, एससी/ एसटी/ बीसी निगम लिमिटेड	7.90	-	निगम ने इसके केवल 2017-18 तक के लेखाओं को संवृत किया है।
3.	जेएण्डके, विद्युत निगम लिमिटेड	-	2,759.98	निगम ने लेखापरीक्षा (अगस्त 2021)हेतु सीएण्डएजी को इसके लेखे प्रस्तुत नहीं किये हैं।
4.	खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड	-	28.80	बोर्ड सीएण्डएजी के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं है।
5.	जेएण्डके, महिला विकास निगम लिमिटेड	3.00		निगम ने इसके केवल 2019-20 तक के लेखाओं को संवृत किया है।
6.	जेएण्डके, सीमेन्ट्स लिमिटेड	5.00		निगम ने इसके केवल 2011-12 तक के लेखाओं को संवृत किया है।
7.	जेएण्डके, राज्य वित्तीय निगम लिमिटेड	2.19		निगम ने इसके केवल 2018-19 तक के लेखाओं को संवृत किया है।
8.	जेएण्डके, हथकरघा विकास निगम लिमिटेड	2.30		निगम ने इसके केवल 2018-19 तक के लेखाओं को संवृत किया है।
9.	जेएण्डके, हस्तशिल्प (बिक्री और निर्यात) निगंम लिमिटेड	1.75		निगम ने इसके केवल 2013-14 तक के लेखाओं को संवृत किया है।
10.	जेएण्डके, उद्यान कृषि उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम लिमिटेड	3.00		निगम ने इसके केवल 2010-11 तक के लेखाओं को संवृत किया है।
11.	जेएण्डके, पर्यटन विकास निगम लिमिटेड	4.00		निगम ने इसके केवल 2019-20 तक के लेखाओं को संवृत किया है।

अनुलग्नक-झ

पारिस्थितिकी और पर्यावरण पर व्यय

(संदर्भ: पैराग्राफ 2 (xiii); पृष्ठ 68)

क्र. सं.	मुख्य शीर्ष	वर्ष 2020-21 के दौरान किया गया व्यय	बजट प्रावधान	बजट प्रावधान हेतु व्यय का प्रतिशत
		(₹ करोड़ में)		
01	2406-वानिकी और वन्य जीवन	41.88	56.81	73.72
02	3435-पारिस्थितिकी और पर्यावरण	41.93	63.07	66.48
	कुल	**83.81**	**119.88**	**69.91**

अनुलग्नक-ञ

पाँच वर्ष और अधिक अवधि वाली अपूर्ण परियोजनाएं/ योजनाएं

(संदर्भ: 2 (xv); पृष्ठ 69)

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	**परियोजना/ योजना का नाम**	**आरंभ की तिथि**	**समापन का लक्ष्य वर्ष**	**मूल लागत**	**परिशोधित लागत**	**लागत में वृद्धि**
जल शक्ति (पीएचई) विभाग, जम्मू						
1.	**जलापूर्ति योजना कठर**	2013-14	2019-20	1.61	1.75	0.14
2.	**जलापूर्ति योजना, नजला चैक**	2012-13	2018-19	1.88	2.01	0.13
3.	**जलापूर्ति योजना भूमकुलियां**	2010-11	2018-19	1.98	2.27	0.29
4.	**जलापूर्ति योजना साजवलखारह**	2013-14	2019-20	1.61	1.83	0.22
5.	**जलापूर्ति योजना पूरन नगर/ कबीर नगर**	2012-13	2017-18	2.00	2.48	0.48
6.	**जलापूर्ति योजना करण बाग**	2007-08	2012-13	1.57	3.62	2.05

अनुलग्नक-ट

उचंत और प्रेषणों के अंतर्गत शेष

(संदर्भ: पैराग्राफ 4(iii); पृष्ठ 76-77)

लघु शीर्ष	**वर्ष 2019-2020 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020)**			**वर्ष 2020-21**		
	डे.	**क्रे.**	**निवल (डे./ क्रे.)**	**डे.**	**क्रे.**	**निवल (डे./ क्रे.)**
						(₹ करोड़ में)
8658-उचंत लेखा-						
101-पीएओ उचंत	14.70	0.24	**14.46 (डे.)**	56.67	0.01	**56.66 (डे.)**
102-उचंत लेखा (सिविल)	5.51	2.26	**3.25 (डे.)**	47.97	2.44	**45.53 (डे.)**
109-आरबीआई उचंत (मुख्यालय)	0.15	0.05	**0.10 (डे.)**	0.16	0.05	**0.11 (डे.)**
110- आरबीआई उचंत (केन्द्रीय लेखे)	0.33	0.42	**0.09 (क्रे.)**	0.91	0.08	**0.83 (डे.)**
112-उचंत स्रोत (टीडीएस) पर कर कटौती	-	221.91	**221.91 (क्रे.)**	-	221.00	**221.00 (क्रे.)**
139-जीएसटी- उचंत स्रोत पर कर कटौती	1.32	0.99	**0.33 (डे.)**	1.02	5.15	**4.13 (क्रे.)**
8782- समान महालेखाकार/ लेखा अधिकारियों को लेखे प्रस्तुत करने वाले अधिकारियों के मध्य रोकड़ प्रेषण और समायोजन-						
110-विविध प्रेषण	-	1,398.24	**1,398.24 (क्रे.)**	-	632.57	**632.57 (क्रे.)**
8793-अंतर्राज्यीय उचंत लेखा	0.10	0.17	**0.07 (क्रे.)**	-	1.93	**1.93 (क्रे.)**

अनुलग्नक-ठ

सरकार द्वारा दिये गये पिछले ऋण (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) जिनके प्रति संबंधित ऋणग्राही से कोई पुनर्भुगतान प्राप्त नहीं हुआ था

(संदर्भ: पैराग्राफ 5 (ग); पृष्ठ 79)

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	**विभाग**	**ऋणग्राही**	**ऋणों की संख्या**	**राशि**
1.	जेएण्डके, परिवहन विभाग	जेएण्डके, राज्य सड़क परिवहन निगम लिमिटेड	6	26.00
2.	जेएण्डके, समाज कल्याण विभाग	एसी/ एसटी/ बीसी निगम लिमिटेड	3	4.74
3.	जेएण्डके, उद्योग विभाग	जेएण्डके, हथकरघा विकास निगम लिमिटेड	2	1.15
4.	जेएण्डके उद्यान कृषि विभाग	जेएण्डके, उद्यान कृषि उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम लिमिटेड	1	1.50
5.	जेएण्डके, उद्योग विभाग	जेएण्डके, हस्तशिल्प (बिक्री और निर्यात) निगम लिमिटेड	1	0.75
6.	जेएण्डके, समाज कल्याण विभाग	जेएण्डके, महिला विकास निगम लिमिटेड	2	1.50
7.	जेएण्डके, उद्योग विभाग	जेएण्डके, सीमेन्ट लिमिटेड	1	2.50

© भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
2021
www.cag.gov.in

http://www.agjk.nic.in